ओ३म्

वैदिक संस्कृति का उद्घोषक




# वैदिक सार्वदेशिक

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली का साप्ताहिक मुख-पत्र

शुल्क :- एक प्रति 5 रुपया (भारत में) वार्षिक 250 रुपये तथा आजीवन 2500 रुपये

वर्ष 15 अंक 11 | कुल पृष्ठ-8 | **20 से 26 फरवरी, 2020** | दयानन्दाब्द 194 | सृष्टि सम्वत् 1960853120 | सम्वत् 2076 | फा. कृ.-12

## विश्व की समस्त आर्य समाजों के शिरोमणि संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में

# गोरक्षा महा अभियान का भव्य सूत्रपात

## प्रान्तीय जन-चेतना यात्रा हरियाणा का, जनता ने किया जोरदार स्वागत

### गोहत्या, गोमांस निर्यात, नशाखोरी, कन्या भ्रूण हत्या, अश्लीलता आदि ज्वलन्त मुद्दों पर मिला ऐतिहासिक जन-समर्थन

### इलेक्ट्रानिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया व सोशल मीडिया ने दिया भरपूर सहयोग लाखों लोगों तक संदेश पहुँचाने में मिली सफलता



प्रसिद्ध युवा उद्यमी एवं समाजसेवी श्री विशाल मलिक तथा जननायक जनता पार्टी के महासचिव एवं हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. के.सी. बांगड़ ने सोनीपत में हरी झण्डी दिखाकर यात्रा का किया शुभारम्भ

## डी.ए.वी. प्रबन्धकर्त्री सभा एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के प्रधान पद्मश्री आर्यरत्न डॉ. पूनम सूरी जी यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित आर्य महासम्मेलन हिसार में बने मुख्य अतिथि



डी.ए.वी. प्रबन्धकर्त्री सभा एवं आर्य प्रादेशिक सभा के अध्यक्ष पद्मश्री आर्यरत्न डॉ. पूनम सूरी हिसार में आयोजित आर्य महासम्मेलन में सम्बोधित करते हुए



पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी जी का सम्मान करते हुए स्वामी आर्यवेश जी तथा आर्य समाज के पदाधिकारीगण

सम्पादक - प्रो. विट्ठलराव आर्य

# सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी के नेतृत्व में आयोजित जन–चेतना यात्रा में आर्य संन्यासियों, आर्य विरक्तों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया

## आर्य समाज नागौरी गेट हिसार के प्रधान एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री चौ. हरि सिंह सैनी ने किया यात्रा एवं हजारों लोगों का स्वागत

### यात्रा में अपना पूरा समय देकर सम्मिलित होने वाले तेजस्वी संन्यासी स्वामी रामवेश जी, स्वामी चन्द्रवेश जी, स्वामी नित्यानन्द जी, स्वामी श्रद्धानन्द जी, बेटी बचाओ अभियान की अध्यक्ष बहन पूनम आर्या एवं महामंत्री बहन प्रवेश आर्या, संघर्षशील आर्यनेता श्री बिरजानन्द जी एवं प्रसिद्ध भजनोपदेशक श्री रामनिवास आर्य ने स्थान–स्थान पर आयोजित जन सभाओं को किया सम्बोधित

### सम्पूर्ण यात्रा का कुशल संयोजन एवं व्यवस्था का दायित्व निभाया मिशन आर्यावर्त यू-ट्यूब चैनल के निदेशक एवं सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद् हरियाणा के अध्यक्ष ब्र. दीक्षेन्द्र आर्य ने

सभी को विदित है कि आर्य समाज की शिरोमणि संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा ने देश में गोवंश की दुर्दशा को देखकर गोसंर्द्धन का संकल्प लेकर गोहत्या व गोमांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने की माँग के साथ राष्ट्रीय स्तर पर गोरक्षा महा अभियान प्रारम्भ किया है। इस महाअभियान के अन्तर्गत जहाँ गोमाता की दुर्गति तथा उस पर हो रहे अत्याचार को मिटाने के लिए देश की जनता में जागृति पैदा करके गाय के प्रति उसमें संवेदना पैदा करके सरकार को गोवंश के संवर्द्धन के लिए योजना बनाने एवं विशेष ध्यान देने के लिए बाध्य करना है, वहीं कन्या भ्रूण हत्या एवं महिला उत्पीड़न के द्वारा अपमानित एवं तिरस्कृत की जा रही नारी शक्ति की सुरक्षा एवं सम्मान को गौरवान्वित करना टेलीविजन, अखबार, साहित्य एवं फेसबुक व गूगल आदि तकनीकों के माध्यम से निरन्तर परोसी जा रही अश्लील फिल्में, प्रोर्नोग्राफी व यौनाचार की फूहड़ एवं निम्न स्तर की सामग्री पर रोक लगवाना तथा भयंकर रूप ले चुकी नशाखोरी (शराब, सुल्फा, गांजा, अफीम, स्मैक, हिरोइन, नशीली दवाएं, इंजेक्शन आदि) को बन्द कराने के लिए जनता को प्रेरित करना सम्मिलित है। उपरोक्त सामाजिक बुराईयों से भावी पीढ़ियों को होने वाली हानि हम सबके लिए एक चुनौती है। आर्य समाज ने प्रारम्भ से ही सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अपनी आवाज बुलन्द की है। समय–समय पर आन्दोलन चलाकर अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी भावना से यह गोरक्षा एवं सामाजिक बुराईयों को मिटाने का महा अभियान शुरू किया गया है। हम उन सभी मानवता प्रेमियों और समाजसेवियों का आह्वान करते हैं जो इन बुराईयों को समाज एवं देश के लिए अभिशाप मानते हैं और इन्हें समाप्त करने की इच्छा शक्ति रखते हैं वे इस महा अभियान में दिल खोलकर अपना सहयोग करें। अपने–अपने स्थान पर इन मुद्दों पर जनता को जागृत करके सरकार को अपने ज्ञापन पत्र भिजवायें तथा दबाव डालें कि इन बुराईयों पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए सरकार भी अपना कर्त्तव्य निभायें।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने यात्रा का उद्देश्य प्रस्तुत करते हुए देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को खुला पत्र लिखकर उपरोक्त सामाजिक बुराईयों के सम्बन्ध में मार्मिक अपील की है जिसे अविकल रूप से प्रकाशित किया जा रहा है।

इस जन चेतना यात्रा के दौरान आयोजित जन सभाओं एवं विविध कार्यक्रमों में जिन कर्मठ सहयोगियों ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है उनके प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके नाम यहाँ प्रकाशित किये जा रहे हैं।

**सोनीपत :–** प्रिं. आजाद सिंह, श्री जयप्रकाश सोहटी, श्री प्रवीण आर्य, श्री नरेश कौशिक, मा. भगवान सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह चहल, श्री बलराम आर्य, श्री फते सिंह आर्य, श्री ओम प्रकाश, श्री ओ.पी. गर्ग, श्री मंजीत सिंह दहिया, डॉ. रामकिशन सरोहा, श्रीमती कविता चौधरी, श्री अंकित बांगड़, ब्र. रामफल आर्य, श्री शिव कुमार आर्य, श्री अशोक भूत प्रधान बिजरौल, उ. प्र., कर्नल आर.के. सिंह एवं श्री कुलदीप रूहिल।

**ग्राम विधलान :–** श्री राजकुमार दहिया, शहीद कै. दीपक शर्मा के पिता श्री नरेश शर्मा, श्री सोनी पहलवान सरपंच, श्रीमती सारिका दहिया, श्री रणवीर सिंह सुपुत्र श्री जुगलाल आर्य।

**ग्राम भठगांव :–** श्री प्रेम सिंह आर्य।

**ग्राम भैंसवाल :–** श्री बलवीर सिंह शास्त्री, श्री राजेश सरपंच पाना मीठान, श्री समुद्र सिंह पूर्व सरपंच, श्री नरेन्द्र सिंह सरपंच पाना बावला, मा. वेद प्रकाश, श्री योगेन्द्र शास्त्री मंत्री आर्य समाज, श्रीमती दर्शना देवी।

**ग्राम–गिवाना :–** श्री धर्मवीर आर्य, श्री हंसवीर, श्री संजय, श्री हंसराज, श्री मुकेश, श्री जितेन्द्र सिंह, श्री धीरज, श्री आशीश, ।

**ग्राम–रिठाल :–** श्री शमशेर सरपंच रिठाल नरवाल, श्री ऋषिपाल सरपंच रिठाल फोगाट, पूर्व सूबेदार होशियार सिंह, श्री राम निवास पंच, श्री रोशनलाल आर्य, श्री रामराज कादियान प्रधान व श्री विजय हुड्डा कोषाध्यक्ष जिला शिक्षक संगठन, श्री प्रदीप कुमार, श्री उमेद पूर्व सरपंच, श्री सुरेश, श्री रामलाल, श्री ईश्वर ऊर्फ ढीला।

**ग्राम मकड़ौली खुर्द :–** श्री सुमित सरपंच।

।।ओ३म्।।

## सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा



**WORLD COUNCIL OF ARYA SAMAJ**

"दयानन्द भवन", 3/5, आसफ अली रोड, (रामलीला मैदान), नई दिल्ली-110002
"Dayanand Bhawan", 3/5, Asaf Ali Road, (Ramlila Ground), New Delhi-2

## विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के संदर्भ में सार्वदेशिक सभा की ओर से भारत के प्रधानमंत्री जी को लिखा गया पत्र

फा. सं. सार्व. आ. प्र.सभा/20/ दिनांक : 06–02–2020

सेवा में,
आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री भारत सरकार, नई दिल्ली

विषय : भारत सरकार की ओर से देश में पूर्ण नशाबन्दी लागू करने तथा अश्लीलता, कन्या भ्रूण हत्या, गौहत्या एवं गौमांस के निर्यात पर प्रतिबन्ध लागू करने के सम्बन्ध में।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर नमस्ते!

आशा है ईश कृपा से आप स्वस्थ एवं सानन्द होंगे। इस पत्र के माध्यम से आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि –

(1) आपने विगत दिनों मन की बात कार्यक्रम में नशामुक्त भारत बनाने के सम्बन्ध में अपने हृदय की व्यथा को व्यक्त किया था। वास्तव में आपका यह विचार समूचे समाज के लिए एक वरदान साबित हो सकता है। आज के युवा नशे के आदी होकर पथ भ्रष्ट हो रहे हैं। मादक द्रव्यों का व्यवसाय करके आय अर्जित करने का साधन बनाया जा रहा है और यही आय आतंकवादी गतिविधियों में शस्त्र एवं गोला बारूद सप्लाई करने में प्रयोग की जा रही है। शराब आदि मादक द्रव्यों के सेवन से किसान, गरीब, मजदूर, आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर समाज, शारीरिक, आत्मिक एवं चारित्रिक रूप से प्रभावित हो रहा है, तथा उनके परिवार उजड़ रहे हैं। इन घातक मादक द्रव्यों के सेवन से अनेक लोग युवावस्था में ही काल का ग्रास बन रहे हैं। अनेक दुर्घटनायें, मुकदमें विशेषकर बलात्कार जैसी घटनायें नशे से ही उत्पन्न हो रही है।

(2) वर्तमान समय में सरकारी एवं गैर–सरकारी मीडिया तंत्रों पर अश्लीलता का प्रदर्शन बहुत ज्यादा बढ़ गया है जिससे देश की युवा पीढ़ी का चारित्रिक पतन होता जा रहा है। इन मीडिया तंत्रों में इलेक्ट्रानिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया मुख्य है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में सबसे अधिक प्रभावशाली माध्यम इण्टरनेट एवं गूगल का दुरुपयोग बन गया है। इसके माध्यम से पोर्नोग्राफी आदि अश्लील सामग्री युवा पीढ़ी को आसानी से उपलब्ध हो रही है, जिसे देखकर वह अपना चारित्रिक पतन तो करते ही हैं और इसके साथ ही बलात्कार, व्यभिचार, नशाखोरी आदि सामाजिक बुराईयाँ भी उन युवाओं में बढ़ती जा रही है। आज के समय में टेलीविजन, अखबारों एवं पत्रिकाओं आदि के टाईटल पृष्ठों पर भी अश्लील एवं भद्दे फोटो देखने को मिल रहे हैं। इन उपरोक्त सभी प्रचार–प्रसार माध्यमों से जो अश्लीलता परोसी जा रही है उससे युवा पीढ़ी का चारित्रिक एवं आत्मिक पतन होना स्वाभाविक है।

(3) आपने गत् लोकसभा चुनावों 2014 एवं 2019 के समय अपनी चुनावी सभाओं के सम्बोधन में संकल्प व्यक्त किया था कि चुनावों के पश्चात् यदि भाजपा की सरकार बनेगी तो पूरे देश में पूर्ण रूप से गौहत्याबन्दी एवं गौमांस निर्यात को कठोर कानून बनाकर प्रतिबंधित किया जायेगा। देश की जनता ने आपके इस संकल्प का सम्मान किया और आपकी सरकार बनवाने में अपना पूर्ण पुनः सहयोग प्रदान किया। इस पत्र के माध्यम से मैं आपको स्मरण कराना चाहता हूँ कि वर्तमान समय में देश में गौहत्या निरन्तर बढ़ती जा रही है इसका मुख्य कारण पूरे देश में गौहत्या पर एक समान कानून का न होना भी है। देश के कुछ प्रदेशों में गौहत्या पर प्रतिबन्ध है तो कुछ प्रदेशों को इस कानून से मुक्त रखा गया है। (उदाहरण के लिए पूर्वोत्तर के राज्य) जिन प्रदेशों में गौहत्या पर प्रतिबन्ध का कानून लागू है वहाँ का प्रशासन इस कानून का पालन कराने में लचीला रूख अपनाता है जिसके परिणामस्वरूप गौहत्या उन प्रदेशों में भी निरन्तर होती रहती है। गाय की उपयोगिता मानव जीवन के लिए कितनी महत्त्वपूर्ण है इसे हम सभी भली प्रकार जानते हैं। गाय हमारी संस्कृति का आधार है।

सम्पूर्ण गौप्रेमी जनता आपसे प्रार्थना करती है कि गौवंश की रक्षा के लिए गौहत्या एवं गौमांस के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाकर जनता की भावनाओं का सम्मान करें। इसी तरह भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से इस प्रकार के दिशा निर्देश तैयार कराकर उन्हें प्रभावी ढंग से इन सभी मीडिया तंत्रों पर लागू करने का निर्देश दें, जिससे इनके द्वारा अश्लीलता पर रोक लगाना आवश्यक हो जाये और देश का भविष्य कही जाने वाली युवा पीढ़ी का चारित्रिक पतन रूक सके। सबसे अधिक आवश्यकता इण्टरनेट पर अश्लील सामग्री को रोकने की है। इसके साथ ही कन्या भ्रूण हत्या भी समाज में कलंक के रूप में व्याप्त है, जिसे सरकार की ओर से पूरे देश में कड़ाई से प्रतिबंधित करना आवश्यक है। आर्य समाजों के सर्वोच्च संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से हम आपको आश्वस्त करना चाहते हैं कि आपके इस लोकोपकारक कार्य के प्रचार–प्रसार में आर्य समाज अपनी पूरी शक्ति लगायेगा।

आपको प्रधानमंत्री के रूप में पाकर देश की जनता आपसे यह अपेक्षा कर रही है कि आप नशामुक्त भारत का संकल्प अपने मन में लेकर देश में पूर्ण रूप से शराब एवं नशाबन्दी लागू करने के लिए सरकार की ओर से कदम उठायें।

अतः आपसे प्रार्थना है कि आप उपरोक्त बिन्दुओं में दी गई सामाजिक कुरीतियों को भारत सरकार की ओर से प्रतिबन्धित करने के लिए उचित निर्णय लेकर देश की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं का सम्मान करें। आशा है आप मेरी प्रार्थना को दृष्टिगत रखते हुए उचित कार्यवाही कर कृतार्थ करेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीय
(स्वामी आर्यवेश)
सभा प्रधान
मो.:–0–9013783101

दूरभाष : 011-23274771, 23260985, टेलीफैक्स : 011-23274216
ई–मेल : sarvadeshikarya@gmail.com, sarvadeshik@yahoo.co.in
वैबसाईट : www.vedicaryasamaj.com

# विभिन्न स्थानों पर विशाल जन-चेतना यात्रा के विहंगम दृश्य



हिसार में आयोजित आर्य महासम्मेलन में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी



तारागढ़ कैथल में यात्रा का भव्य स्वागत करते हुए आर्यजन



मिनर्वा स्कूल कैलरम में आयोजित कार्यक्रम में मंचस्थ संन्यासीगण तथा उद्बोधन देते हुए बहन पूनम आर्या



आर्य समाज नरवाना, जिला-जीन्द के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ स्वामी आर्यवेश जी



आर्य समाज नरवाना, जिला-जीन्द में जन-चेतना यात्रा के स्वागत में जनसमूह का एक दृश्य



ईदगाह सोनीपत में मुस्लिम भाईयों ने यात्रा का किया जोरदार स्वागत



गिगनाऊ, जिला-भिवानी में यात्रा का स्वागत करते हुए आर्यजन

# विभिन्न स्थानों पर विशाल जन–चेतना यात्रा के विहंगम दृश्य




जिला–कैथल के देवड़ में जन–चेतना यात्रा के स्वागत में विद्यार्थीगण



खरकड़ा, जिला–रोहतक में यात्रा का किया गया भव्य स्वागत



गौभक्त हरफूल जाट जुलानी के गाँव में विचार रखते हुए स्वामी आर्यवेश जी



ज्ञानदीप अकेडमी, कमाल पुर कैथल में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी




घोघड़िया के सरस्वती पब्लिक स्कूल में यात्रा के स्वागत के दृश्य




चैहड़ कला, भिवानी में यात्रा प्रमुख स्वामी आर्यवेश जी का फूल–माला से स्वागत करते आर्यजन

# विभिन्न स्थानों पर विशाल जन-चेतना यात्रा के विहंगम दृश्य





























# विभिन्न स्थानों पर विशाल जन-चेतना यात्रा के विहंगम दृश्य




























## यात्रा के उद्घाटन अवसर पर मानव सेवा प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष श्री रामपाल शास्त्री ने यज्ञ के ब्रह्मा पद को किया सुशोभित तथा प्रिं. आजाद सिंह बांगड़ ने उद्घाटन समारोह का किया संयोजन

## यात्रा में आर्य समाज के अतिरिक्त खाप पंचायतों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं, महिला कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर किया यात्रा का समर्थन

**दहिया खाप के प्रधान श्री महावीर सिंह दहिया ने उद्घाटन समारोह में तथा श्री कर्मवीर श्योराण फरटिया ने समापन समारोह में सम्मिलित होकर किया यात्रा का स्वागत इसी प्रकार महन्त केशरनाथ जी महाराज, महन्त चरणदास जी महाराज, महन्त योगीराज जी महाराज व स्वामी सदानन्द जी महाराज ने गोरक्षा महा अभियान को दिया साधुवाद**

## मोटर साईकिलों, वाहनों एवं पैदल चल रहे हजारों छात्रों ने यात्रा की अगवानी की





!! ओ३म् !!

आर्य समाज के महान नेता, त्यागी-तपस्वी संन्यासी, युवाओं के प्रेरणा-स्रोत स्वामी इन्द्रवेश जी महाराज के 83वें जन्मदिवस के अवसर पर

महर्षि दयानन्द जी — स्वामी इन्द्रवेश जी

**13वां बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ**

दिनांक : मंगलवार 3 मार्च 2020 से रविवार 15 मार्च 2020 तक
स्थान : स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ (आश्रम), ग्राम-टिटौली, जिला रोहतक (हरि0)
समय : प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से 11:00 बजे तक, सायं 3:00 बजे से 6:00 बजे तक।

ब्रह्मा
स्वामी चन्द्रवेश जी, आचार्य
स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ (आश्रम)
ग्राम टिटौली, जिला रोहतक (हरि0)

अध्यक्षता
स्वामी आर्यवेश जी, प्रधान
सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली

**मुख्य आकर्षण**
- चतुर्वेद पारायण महायज्ञ
- महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम
- स्वामी इन्द्रवेश जयंती समारोह
- कार्यकर्ता अभिनन्दन समारोह

**संकल्प :** इस महायज्ञ में समाज के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि, डॉक्टर, वकील, शिक्षाविद् जन प्रतिनिधि, धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक नेता एवं हजारों स्त्री-पुरुष, छात्र एवं छात्राएं आहुति देकर गौहत्या, कन्या भ्रूणहत्या, नशाखोरी, अश्लीलता एवं पाखण्ड के विरुद्ध संकल्प लेंगे।

**विशेष :** महायज्ञ में उच्च कोटि के संन्यासी, विद्वानों एवं भजनोपदेशकों द्वारा कार्यक्रम निरन्तर चलता रहेगा। यज़मान बनने के इच्छुक महानुभाव अभी से अपनी सूचना देकर कृतार्थ करें। आप सभी भी महायज्ञ में आहुति डालकर राष्ट्र के नव-निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

**आयोजक : सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद्**
स्वामी इन्द्रवेश फाउंडेशन व युवा निर्माण अभियान
कार्यालय : स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ (आश्रम) ग्राम टिटौली, जिला रोहतक (हरि0)
सम्पर्क : 9416630916, 9354840454, 9466430772


## वैदिक मिशन मुम्बई के तत्वाधान में विशाल गुरुकुल सम्मेलन का आयोजन

## 20, 21 एवं 22 मार्च, 2020

वैदिक मिशन मुम्बई के तत्वाधान में 20 से 22 मार्च, 2020 तक महर्षि दयानन्द वैदिक गुरुकुल परिषद् के अध्यक्ष स्वामी प्रणवानन्द जी सरस्वती की अध्यक्षता में पद्मिनी आर्य कन्या गुरुकुल प्रतापनगर, चित्तौड़गढ़ राजस्थान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में वैदिक सिद्धान्तों का गहन अध्ययन, गुरुकुल शिक्षण प्रणाली का पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय विकास में योगदान, आर्ष पाठ विधि का संरक्षण, गुरुकुलों का सुदृढ़ संगठन, सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम की आवश्यकता इत्यादि विषयों पर गहन चिन्तन किया जायेगा। इस अवसर पर आर्य जगत के प्रसिद्ध विद्वान, संन्यासीगण तथा आर्यनेता पधार रहे हैं। संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पधारकर लाभान्वित हों।

गुरुकुल सम्मेलन में सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी धर्मानन्द जी उड़ीसा, डॉ. रूप किशोर जी कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार, श्री अशोक जी आर्य कार्यकारी अध्यक्ष सत्यार्थ प्रकाश न्यास उदयपुर, प्रो. विट्ठलराव जी आर्य मंत्री सार्वदेशिक सभा, डॉ. जयेन्द्र जी नोएडा, डॉ. रवीन्द्र कुमार जी हरिद्वार, आचार्य उदयन जी करतारपुर पंजाब, आचार्य धनंजय जी गुरुकुल पौंधा, आचार्य उदयन जी हैदराबाद, डॉ. आचार्या सूर्यादेवी जी चतुर्वेदा शिवगंज, आचार्या डॉ. सुमेधा जी चोटीपुरा, डॉ. आचार्या सुकामा जी रोहतक सहित अनेकों विद्वान, विदुषी तथा गुरुकुलों के आचार्य भारी संख्या में पधार रहे हैं। आप सब की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

— आचार्य सोमदेव शास्त्री, अध्यक्ष, वैदिक मिशन मुम्बई

पंजीयन संख्या DELMUL/2005/15488
डाक पंजीकरण संख्या DL(c)-01/1213/18-20
Licence to Post without prepayment of Postage. [ U (c)-289/2018-20 ]

**सोशल मीडिया के माध्यम से स्वामी आर्यवेश जी से जुड़ें**



आर्य युवा सन्यासी व सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी से जुड़ने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
www-facebook-com/SwamiAryavesh व फेसबुक पेज को लाइक करें व अन्य मित्रों को भी प्रेरित करें।
ई–मेल : aryavesh@gmail.com
Tel. :-011-23274771

प्रतिष्ठा में :–

अवितरण की दशा में लौटाएँ –
सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा
"दयानन्द भवन" 3/5 आसफ अली रोड, नई दिल्ली–110002

# ऐहासिक नगर लोहारू की अनाज मण्डी में यात्रा का हुआ भव्य समापन समारोह

## हजारों युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में यात्रा का नगर में प्रवेश करने पर किया गया भव्य स्वागत

## 12 फरवरी, 2020 को सोनीपत से शुरू हुई गोरक्षा महा अभियान, जन–चेतना यात्रा, सैकड़ों गांवों, कस्बों व नगरों से होती हुई 18 फरवरी, 2020 को लोहारू में पूरे उत्साह एवं जोश–खरोश के साथ सम्पन्न हुई

## यात्रा में सम्मिलित रहे सभी कार्यकर्ताओं व संन्यासी महानुभावों को तथा विभिन्न स्थानों पर जन–सभाएं आयोजित करने वाले एवं यात्रा की व्यवस्था में अपना सहयोग देने वाले विशिष्ट महानुभावों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया

## समापन समारोह का संयोजन प्रसिद्ध समाजसेवी एवं सोहासड़ा गोशाला के प्रधान श्री रमेश कौशिक ने किया तथा श्री राम अवतार आर्य, श्री राजेश डांगी, श्री अशोक आर्य आदि ने किया मंच संचालन



**गुरुकुल लाढ़ौत :–** आचार्य हरिदत्त उपाध्याय।

**ग्राम टिटौली –** डॉ. महावीर सिंह, श्री जिले सिंह कुण्डू, श्री जिले सिंह आर्य, श्री कृष्ण प्रजापति, श्री नरेश शर्मा, श्री राजवीर वशिष्ठ, श्री राम कुमार आर्य, डॉ. नारायण सिंह, श्री अजयपाल आर्य।

**ग्राम मोखरा :–** श्री सूबेदार कपूर सिंह मलिक, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री राजवीर मलिक, श्री जोरा सिंह, श्री अनिल, सुश्री एकता आर्या, श्री आजाद सिंह कुण्डू।

**ग्राम खरकड़ा :–** श्री महेन्द्र सिंह शास्त्री, श्री कर्मवीर आर्य, श्री ओम प्रकाश गर्ग, श्री कृष्ण सरपंच, श्री कलम सिंह आर्य, श्री राजवीर सिंह, श्री धारा सिंह, श्री सुदामा आर्य, श्री नरेन्द्र सिंह पार्षद, श्री करतार सिंह शास्त्री, श्री रामकिशन, श्री राज सिंह आर्य, श्री बबरूभान।

**ग्राम बलम्भा :–** डॉ. शीशराम आर्य, श्री प्रकाश सिंह अहलावत।

**ग्राम फरमाणा :–** श्री नफे सिंह आर्य, डॉ. राजेश आर्य, श्री सत्यवीर भोला, श्री मनोज पहलवान, श्री सौरभ फरमाणा, कुमारी मोनिका, कु. अंजलि, कु. किरण।

**ग्राम मालवी :–** श्री बादल सिंह आर्य, श्री परमजीत।

**ग्राम शादीपुर जुलाना :–** श्री जसवंत सिंह आर्य प्रधान, डॉ. बलवीर सिंह आर्य, श्री वीरेन्द्र लाठर, श्री मंजीत आर्य, श्री मनोज लाठर, श्री नरेश आर्य, श्री सूरजमल नैन, श्री राज सिंह रामकली, श्री सुनहरा करेला, श्री पवन पहलवान, श्री सोनू बॉक्सर, श्री संजय, श्री सोनू लाईब्रेरियन, श्री साहिल, श्री नवीन।

**ग्राम खटकड़ :–** सूबेदार सेवा सिंह, चौ. सूरजमल आर्य, श्री बलकार सिंह सरपंच, श्री शमशेर सिंह, श्री अशोक आर्य, श्री कर्मपाल आर्य, मा. अजीत पाल, श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री सज्जन सिंह राठी, श्री वीरेन्द्र उर्फ संजय, श्री राजेन्द्र, श्री अनिल कुमार, श्री सोनू व उनकी पूरी टीम।

**जीन्द शहर :–** स्वामी रामवेश जी, श्री रणवीर राठी, श्री पानू, श्री सुभाष श्योराण इण्डस पब्लिक स्कूल, आर्य समाज रेलवे जक्शन जीन्द के सदस्यगण।

**ग्राम जुलानी :–** श्री केवल जुलानी, मा. सत्यवीर सिंह, श्री सज्जन कुमार सरपंच, सेवानिवृत्त प्रिं. श्री भीम सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह, श्री नफे सिंह, श्री सूरजमल आर्य, श्री देवेन्द्र सहारन, मा. मनोज।

**ग्राम जाजवान :–** डॉ. राजपाल आर्य, सरपंच श्री राजेश, पूर्व सरपंच श्री सतपाल, श्री जगवीर सिंह, श्री रणधीर सिंह, श्री छोटूराम, श्री रामफल, श्री जगशेर मिस्त्री।

**ग्राम बरसोला :–** वर्धमान मानव सेवा केन्द्र के प्रधान डॉ. राजेन्द्र भापर जैन व उनके सहयोगी।

**ग्राम घोघड़िया सरस्वती पब्लिक स्कूल :–** श्री जगफूल ढिल्लो प्रधानाचार्य, श्री रघवीर सिंह बूरा, श्री राम निवास बूरा, श्री रविन्द्र खटकड़, श्री पवन शर्मा, श्री विजेन्द्र बूरा प्राचार्य, श्री सुरेश शर्मा, श्री जगवीर पांचाल, श्री प्रदीप श्योकंद, श्री जोरा सिंह आर्य, श्री हरदीप श्योकंद, श्री विकास दलाल, श्री धूलाराम आर्य।

**ग्राम छात्तर शिक्षा भारतीय स्कूल :–** प्रिं. अजीत गौतम, मा. मांगेराम प्रधान गौशाला, श्री सूरजमल आर्य, श्री टेकराम आर्य, श्री राम कुमार शर्मा, श्री श्रवण कुमार, श्री हरिराम, श्री प्रवीण पहलवान, श्री सुरेश हवलदार, श्री अमित पहलवान।

**ग्राम देवबन :–** आर्यवर्त स्कूल के अध्यापक, अध्यापिका एवं विद्यार्थी।

**ग्राम छौत :–** श्री दरियाब सिंह आर्य व श्री वीरेन्द्र सरपंच।

**ग्राम पाडला :–** श्री सुरेन्द्र पहलवान, मा. श्रवण, श्री सुनील आर्य, श्री प्रवीण गोयत, श्री दीपक पहलवान, श्री दीपक शर्मा, श्री जयपाल आर्य, मा. नरेन्द्र, श्री रमेश पहलवान, श्री सलिन्द्र।

**कैथल शहर :–** श्री प्रीतपाल कालड़ा, श्री हरिकेश राविश एडवोकेट, श्री मनीराम आर्य, श्री कृष्णचन्द्र शास्त्री, श्री देशराज, श्री रमेश, श्रीमती ममता आर्या, श्रीमती चन्द्रसुखी आर्या, श्री पवन कुमार आर्य, श्री सत्यवीर आर्य, श्री अमित गुप्ता, श्री श्यामलाल आर्य, श्रीमती जगमति मलिक।

**ग्रमा कैलरम मिनरवा पब्लिक स्कूल :–** श्री रामदिया कुण्डू, श्री विजेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य, श्री कृष्ण बूरा, श्री के.के. मित्तल।

ग्राम कमालपुर ज्ञानदीप अकादमी :– श्री सतीश कुमार तथा अन्य।

आर्य समाज नरवाना :– श्री इन्द्रजीत आर्य, श्री नरेश कुमार आर्य, श्री अश्विनी आर्य, श्री विजय आर्य, श्री अनिल आर्य, श्री विवेक आर्य, श्री मिथिलेश शास्त्री, श्री सूर्यदेव आर्य।

**ग्राम खोखा :–** श्री कर्ण सिंह आर्य, श्री मांगेराम, मा. दया सिंह, श्री रामफल, श्री धूप सिंह, श्री सुभाष, श्री महावीर सिंह, श्री रामभगत, श्री तेजेन्द्र सिंह, श्री भूपेन्द्र पूर्व सरपंच, श्री कृष्ण कुमार, श्री सज्जन कुमार, श्री सम्पूर्ण सिंह, श्री वजीर सिंह, श्री करतार सिंह।

**ग्राम न्याणा :–** श्री नफे सिंह आर्य प्रधान, डॉ. जसवंत आर्य संयोजक, श्री बलवन्त सिंह आर्य अध्यक्ष–स्व. मनीराम आर्य वेद प्रचार मण्डल, श्री जयनारायण घणघस नम्बरदार सरपंच, श्री राजकुमार सहरावत, श्री मांगेराम जांगड़ा पूर्व प्रधान, श्री कृष्ण कुमार सरोवा, श्री रामेश्वर काजल, श्री दलबीर आर्य, श्री जयवीर सोनी।

**हिसार :–** आर्य महासम्मेलन के मंच पर मुख्य अतिथि श्री पूनम सूरी, श्रीमती मणि सूरी, चौ. हरि सिंह सैनी, प्रो. टंकेश्वर कुमार कुलपति, श्री एच.आर. गंधार उपप्रधान डी.ए.वी. प्रबन्ध समिति, श्री शिवरमण गौड़ आई.ए.एस. डाईरेक्टर डी.ए.वी., श्री जे.पी. सूद डाइरेक्टर, श्री जे. काकड़िया डाइरेक्टर, डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी डाइरेक्टर, मेजर करतार सिंह, श्री प्रमोद लाम्बा, श्री देवेन्द्र उप्पल, श्री वेद नारंग हांसी, श्री ईश आर्य, श्री इन्द्रजीत आर्य, श्री युद्धवीर सिंह, श्री सत्यपाल आर्य मंत्री आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, श्री बजरंग लाल आर्य कोषाध्यक्ष आर्य समाज नागोरी गेट, श्री नरेन्द्र मिंगलानी मंत्री आ. स. नागोरी गेट, श्री राम कुमार आर्य प्रधान वेद प्रचार मण्डल, प्रो. गोपीचन्द्र आर्य, चौ. बदलू राम आर्य संरक्षक आर्य समाज, नागोरी गेट, श्री सेठ ताराचन्द्र आर्य, श्री महावीर सिंह सेवानिवृत्त तहसीलदार, आचार्य देवदत्त शास्त्री, श्री परमजीत शास्त्री कन्या गुरुकुल डोभी, श्री सूबे सिंह आर्य मुकलान, श्री महाशय फूल सिंह आर्य, चौ. नन्दराम सांगवान, श्री राम प्रताप आर्य, श्री नम्बरदार शमशेर सिंह आर्य लाडवा, श्री राजवीर आर्य मंत्री, श्री वंशीलाल आर्य प्रधान आर्य समाज फतेहाबाद, श्री शमशेर आर्य अध्यक्ष गोसेवा संघ हरियाणा, डॉ. अनूप सिंह, आचार्य राजमल ढाका, श्री जगदीश आर्य धीरणवास, श्री कृष्ण कुमार रावलवास खुर्द, श्री यतीन्द्र आर्य बालसमन्द, श्री सीताराम आर्य–आर्य नगर, आचार्य प्रमोद योगार्थी।

**आर्य युवक परिषद् के अधिकारी व सदस्य :–** श्री दलवीर सिंह आर्य प्रधान, श्री जयवीर सोनी उपप्रधान, श्री महेन्द्र सिंह आर्य मंत्री, श्री देवेन्द्र सैनी प्रान्त मंत्री, श्री रमेश आर्य रावलवास खुर्द, श्री दलवीर वैंदा मुकलान, श्री सत्यप्रकाश आर्य कोषाध्यक्ष, श्री रविन्द्र जीत योगी आर्य नगर, श्री सत्यपाल अग्रवाल प्रवक्ता, श्री बलराज मलिक, श्री राधेश्याम आर्य, स्वामी ब्रह्मानन्द जी, पं. कर्मवीर शास्त्री, श्री धर्मसिंह आर्य व श्री निहाल सिंह आर्य–आर्य नगर।

**ग्राम मण्ढौली कलाँ :–** श्री प्रदीप कादियान, श्री धीर सिंह ठेकेदार, श्री दयानन्द जेलदार, श्री रामानन्द, श्री रणवीर सिंह पूर्व सरपंच, श्री रिशाल सिंह, श्री मेवा सिंह, श्री सुनील कादियान।

**ग्राम बहल :–** श्री अशोक आर्य एडवोकेट, श्री गजानन्द अग्रवाल सरपंच, श्री फूलचन्द्र आर्य, डॉ. एन.पी. गौड़, श्री धूप सिंह आर्य, श्री जय सिंह जांगड़ा, कु. कविता आर्या मंत्री, श्री रवि महमिया, श्री कृष्ण कुमार यादव प्राचार्य, श्री जय कुमार शर्मा, श्री सुशील केड़िया चेयरमैन, श्री नरेश कुमार, श्री राम निवास एडवोकेट व श्री विकास।

**ग्राम पाजू खुर्द :–** श्री रमेश श्योराण, श्री सोमवीर आर्य, श्री नरेन्द्र शास्त्री, मा. बलवान सिंह, श्री कर्ण सिंह, श्री राजेश श्योराण, श्री महेन्द्र सिंह।

ग्राम ढांणा जोगी :– श्री महन्त केशवनाथ जी महाराज।

**ग्राम चहड़ कलाँ :–** श्रीमती अलका आर्या पार्षद्, श्री सोमवीर शर्मा, श्री राजेश आर्य, श्री चरण सिंह जांगड़ा, श्री मांगेराम किसान नेता, श्री छतर सिंह किसान नेता, श्री निरंजन मेहरा, श्री मनोज श्योराण, श्री राजवीर मेहरा, कु. मुकेश आर्या।

**ग्राम पहाड़ी :–** श्री रामनारायण एडवोकेट चेयरमैन तथा अन्य।

बाबा मेलनाथ गोमठ गौशाला, लेंघा :– महन्त राजनाथ योगी, श्री विक्रम सिंह एडवोकेट, शिमली इनेलो नेता।

**ग्राम जूई :–** श्री बाबूलाल आर्य, श्री अनिल लाम्बा ए.ए.के. न्यूज हरियाणा, श्री संजय चेयरमैन मार्केट कमेटी, सेठ पूर्णमल, पं. रामरख आर्य, श्री विमलेश प्रधान आर्य समाज घण्टाघर भिवानी, श्रीमती विद्यादेवी प्रधाना स्त्री आर्य समाज भिवानी, श्री महेन्द्र सिंह उपप्रधान, श्री मुकेश जी मंत्री, श्री भूपेन्द्र आर्य, श्री नरेश बी.डी.सी. मेम्बर, डॉ. भूप सिंह, श्री इन्द्र सिंह आर्य पूर्व एस.डी.एम.।

**सोहन लाल इण्टर नेशनल स्कूल, जूई :–** श्री सी.पी. मलिक डाइरेक्टर, श्री ओम प्रकाश, डॉ. प्रवीण पूर्व पार्षद्, श्री राजेश अग्रवाल, श्री शिवलाल शास्त्री, श्री सुरेन्द्र सिंगला, श्री मनोज पहलवान, श्री भूपेन्द्र सिंह।

**ग्राम ढिगावा :–** श्री प्रताप सिंह आर्य तथा आर्य सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के विद्यार्थी।

**ग्राम गिगनाऊ :–** श्री शमशेर आर्य, श्री कृष्ण कुमार झुप्पा।

**दिशा इण्टरनेशनल स्कूल :–** श्री राकेश शर्मा प्रधानाचार्य तथा अध्यापकगण।

**अनाज मण्डी लोहारू :–** स्वामी सदानन्द जी महाराज गोशाला खरकड़ी, स्वामी नित्यानन्द जी महाराज, महन्त चरणदास जी महाराज, महन्त लोकीनाथ जी, श्री शमशेर आर्य प्रधान गोशाला संघ, श्री बिरजानन्द जी, श्री कर्मवीर श्योराण प्रधान श्योराण खाप, श्री ओमवीर सरपंच फरटिया, श्री धर्मवीर शास्त्री, श्री राम अवतार आर्य, श्री जयनारायण आर्य प्रधान आर्य समाज फरटिया, श्री रमेश कौशिक संयोजक, श्री सत्यवान शास्त्री बाढड़ा, श्री रामपाल शास्त्री किसान नेता, श्री महावीर जैन प्रधान गौशाला, श्रीमती अलका आर्या पार्षद्, श्री राजेश आर्य पार्षद्, श्री प्रदीप कादियान मंडोली कलां, श्री अशोक आर्य एडवोकेट, श्री इन्द्र सिंह आर्य एस.डी.एम., प्रो. भूप सिंह आर्य, श्री बाबूलाल आर्य, श्री राजेश दांगी, श्री नरेन्द्र आर्य, श्री पीताम्बर शर्मा, श्री संजीत कुमार, श्री राम नारायण एडवोकेट, श्री मनोज पहलवान, श्री जय कुमार शर्मा बहल, डॉ. विवेक शास्त्री रोहतक, श्री अतर सिंह श्योराण, मा. प्रताप सिंह आर्य, श्री धनपत सैनी, मा. हरपाल आर्य, श्री सुनील शर्मा पत्रकार, श्री अजय शास्त्री भांडवा, सुश्री कविता आर्या, कल्याणी आर्या, कु. मुकेश आर्या, श्री धर्मपाल एडवोकेट, श्री पवन स्वामी।

### धन्यवाद ज्ञापन

इस जन–चेतना यात्रा में जिन–जिन साथियों ने अपना सक्रिय सहयोग तन–मन–धन से प्रदान किया है, उन सभी का मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। इस यात्रा का मीडिया आदि ने भी भरपूर सहयोग किया उनका भी मैं आभारी हूँ। यात्रा के दौरान आवास, भोजन तथा जलपान आदि की सुन्दर व्यवस्था करके जो आतिथ्य हमें प्रत्येक स्थान से प्राप्त हुआ उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। मैं इस जन–चेतना यात्रा में भाग लेने वाले सभी सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रदान करता हूँ। यदि किसी सहयोगी का नाम भूलवश छूट गया हो तो वे अन्यथा न लें। यात्रा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु मैं प्रत्येक सहयोगी के प्रति अत्यन्त कृतज्ञ हूँ।

– स्वामी आर्यवेश, सभा प्रधान

प्रो० विट्ठलराव आर्य, सभा मंत्री, प्रकाशक व मुद्रक द्वारा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, 3/5 महर्षि दयानन्द भवन, (रामलीला मैदान/आसफ अली रोड), नई दिल्ली-110002 के लिए प्रकाशित तथा ज्योति प्रिंटिंग प्रेस, ई-94, सैक्टर-6, नोएडा-201301 से प्रकाशित एवं मुद्रित। (फोन : 011-23274771, 23260985 टेलीफैक्स : 23274216)
सम्पादक : प्रो० विट्ठलराव आर्य (सभा मन्त्री) मो.:0-9849560691, 0-9013251500 ई-मेल : sarvadeshik@yahoo.co.in, sarvadeshikarya@gmail.com वैबसाइट : www.vedicaryasamaj.com

वैदिक सार्वदेशिक साप्ताहिक में छपे लेखों तथा विचारों से सम्पादक या सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा की सैद्धान्तिक मतैक्यता होना अनिवार्य नहीं है।